भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2388**
09 मार्च, 2021 को उत्तर देने के लिए

## फूड पार्क

**2388. श्री डी.एम.कथीर आनन्द:**
**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील:**
**श्री चिराग कुमार पासवान:**
**श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार का देश के प्रत्येक जिले में फूड पार्क स्थापित करने की स्वीकृति देने का प्रस्ताव है या स्वीकृति प्रदान कर दी है तथा यदि हां, तो विशेषरूप से तमिलनाडु और महाराष्ट्र सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

**(ख)** प्रत्येक जिले में फूड पार्क को बढ़ावा देने वालों को दिए गए प्रोत्साहन का ब्यौरा क्या है;और

**(ग)** क्या सरकार का उक्त कार्यक्रम को छोटे और मध्यम शहरों में विस्तारित करने का प्रस्ताव है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी स्थान-वार ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं और क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

**(क)** से **(ग):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय वर्ष 2008 से खाद्य प्रसंस्करण के लिए आधुनिक अवसंरचना का सृजन करने के लिए मेगा फूड पार्क स्कीम (एमएफपीएस) को कार्यान्वित कर रहा है। यह स्कीम अब केंद्रीय क्षेत्र की अम्ब्रेला योजना - प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) का एक घटक है। मंत्रालय स्वयं द्वारा देश में मेगा फूड पार्क स्थापित नहीं करता है। देश में मेगा फूड पार्क की स्थापना के लिए मेगा फूड पार्क स्कीम के अतंर्गत प्रस्तावों को समय-समय पर अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं। इन परियोजनाओं के लिए उपयुक्त प्रस्तावों का चयन योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार, योग्यता के आधार पर पूर्वनिर्धारित मानदंडों के अनुसार त्रिस्तरीय सख्त मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है । मंत्रालय ने मेगा फूड पार्क की योजना के अतंर्गत देश में मेगा फूड पार्क की स्थापना के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 03.02.2021 को अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) को जारी किया गया है । प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.03.2021 है। यह स्कीम किसी जिले, छोटे और मझोले शहरों के लिए विशिष्ट नहीं है और यह देश में कहीं भी मेगा फूड पार्क स्थापित करने के लिए लागू है। आज की तारीख में मंत्रालय ने देश के प्रत्येक जिले में फूड पार्क स्थापित करने की कोई अनुमोदन नहीं दिया है। वर्तमान में मंत्रालय की मेगा फूड पार्क योजना के अंतर्गत तमिलनाडु और महाराष्ट्र राज्य सहित देश में कोई नया मेगा फूड पार्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। सरकार ने देश में 42 मेगा फूड पार्क स्थापित करने का अनुमोदन दिया है और वर्तमान में मंत्रालय ने मेगा फूड पार्क योजना के अंतर्गत देश में 37 मेगा फूड पार्कों को अंतिम अनुमोदन और 2 मेगा फूड पार्कों को सैद्धांतिक अनुमोदन दिया है। तमिलनाडु और महाराष्ट्र राज्य में अनुमोदित परियोजना के साथ-साथ उनकी कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति सहित देश में मेगा फूड पार्क योजना के अंतर्गत अनुमोदित 39 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं का राज्यवार ब्यौरा **संलग्नक -1** में दिया गया है।

मेगा फूड पार्क स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार इस योजना में तमिलनाडु और महाराष्ट्र सहित सामान्य क्षेत्रों में पात्र परियोजना लागत का 50 प्रतिशत और सिक्किम, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और आईटीडीपी अधिसूचित क्षेत्रों के राज्यों सहित दुर्गम और पर्वतीय क्षेत्रों अर्थात पूर्वोत्तर क्षेत्रों में पात्र परियोजना लागत के 75 प्रतिशत की दर से पूंजी अनुदान प्रदान किया जाता है, जो अधिकतम अनुदान 50 करोड़ रुपये प्रति परियोजना के अध्यधीन है। मेगा फूड पार्क परियोजना के पूरा होने और सफल प्रचालन के लिए समय सारणी परियोजना को अंतिम अनुमोदन की तारीख से 30 माह है।

******

**संलग्नक-I**

**''फूड पार्क'' के बारे में लोक सभा में दिनांक 09.03.2021 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं 2388 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**तमिलनाडु और महाराष्ट्र राज्य में उनकी कार्यान्वयन की स्थिति के साथ अनुमोदित परियोजना सहित देश में मेगा फूड पार्क योजना के अंतर्गत अनुमोदित 39 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं का राज्यवार ब्यौरा।**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | एसपीवी/आईए का नाम | अंतिम अनुमोदन की तारीख | परियोजना लागत (करोड़ रुपए) | अनुमोदित अनुदान की राशि (करोड़ रुपए) | जारी की गई अनुदान की राशि (करोड़ रुपए | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश (3 परियोजनाएं) | स्रीनी मेगा फूड पार्क प्रा.लि. चित्तूर | 30.03.2009 | 121.1 | 50 | 49.92 | प्रचालनात्मक और पूरी हो चुकी |
| 2. | | गोदावरी मेगा एक्वा फूड पार्क प्रा.लि., पश्चिम गोदावरी | 16.12.2013 | 122.6 | 50 | 44.53 | प्रचालनात्मक |
| 3. | | आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम (एपीआईआईसी), कृष्णा | 31.12.2015 | 112.94 | 43.55 | 32.69 | कार्यान्वयनाधीन |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश (1 परियोजना) | रोंगोगे मेगा फूड पार्क प्रा. लिमिटेड, पापुम पारे | 12.09.2019 | 73.02 | 43.25 | 12.02 | कार्यान्वयनाधीन |
| 5. | असम (1परियोजना) | नॉर्थ ईस्ट मेगा फूड पार्क लिमिटेड, नलबाड़ी | 30.03.2009 | 84.96 | 48.84 | 45 | प्रचालनात्मक |
| 6. | बिहार (1 परियोजना) | प्रिस्टीन मेगा फूड पार्क प्रा.लि., खगड़िया | 06.08.2014 | 120.13 | 41.9 | 34.81 | कार्यान्वयनाधीन |
| 7. | छत्तीसगढ़ (1 परियोजना) | इण्डस बेस्ट मेगा फूड पार्क प्रा.लि., रायपुर | 04.06.2014 | 96.58 | 43.96 | 39.57 | प्रचालनात्मक |
| 8. | गुजरात (2 परियोजनाएं) | गुजरात एग्रो इन्फ्रास्ट्रक्चर मेगा फूड पार्क प्रा.लि., सूरत | 22.05.2014 | 121.86 | 50 | 45 | प्रचालनात्मक |
| 9. | | फणीधर मेगा फूड पार्क प्रा.लि., मेहसाणा | 16.08.2017 | 165.79 | 50 | 37.67 | कार्यान्वयनाधीन |
| 10. | हरियाणा (2परियोजनाएं) | हरियाणा स्टेट इण्डस्ट्रियल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट कारपोरेशन लि., (एचएसआईआईडीसी) सोनीपत | 06.11.2015 | 155.58 | 44.94 | 27.88 | कार्यान्वयनाधीन |
| 11. | | हरियाणा स्टेट कोऑपरेटिव सप्लाई एंड | 21.02.2018 | 179.75 | 50 | 15 | कार्यान्वयनाधीन |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्केटिंग फेडरेशन लि. , (हाफेड), रोहतक | | | | | |
| 12. | हिमाचल प्रदेश (1परियोजना) | क्रीमिका फूड पार्क प्रा.लि., ऊना | 06.08.2014 | 107.34 | 50 | 45 | प्रचालनात्मक |
| 13. | जम्मू और कश्मीर (1परियोजना) | आरएफके ग्रीन्स फूड पार्क प्रा.लि., पुलवामा | 19.02.2014 | 79.43 | 50 | 29.09 | कार्यान्वयनाधीन |
| 14. | कर्नाटक (2परियोजनाएं) | इंटीग्रेटिड फूड पार्क प्रा.लि. तुमकुर | 29.03.2011 | 144.33 | 50 | 48.72 | प्रचालनात्मक और पूरी हो चुकी |
| 15. | | फैवोरिच इंफ्रा प्रा.लि., मांड्या | 19.12.2017 | 113.83 | 50 | 28.57 | कार्यान्वयनाधीन |
| 16. | केरल (2 परियोजनाएं) | केरल राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम लि.(केएसआईडीसी) अल्लापुजा | 27.11.2015 | 129.15 | 50 | 37.8 | कार्यान्वयनाधीन |
| 17. | | केरल औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (किन्फ्रा), पलक्कड | 27.11.2015 | 102.13 | 40.57 | 37.72 | प्रचालनात्मक |
| 18. | मध्य प्रदेश (परियोजनाएं) | इंडस मेगा फूड पार्क प्रा.लि., खरगौन | 27.08.2012 | 131.28 | 50 | 49.37 | प्रचालनात्मक और पूरी हो चुकी |
| 19. | | अवंती मेगा फूड पार्क प्रा.लि., देवास | 31.12.2015 | 144.12 | 50 | 40 | प्रचालनात्मक |
| 20. | महाराष्ट्र (3 परियोजनाएं) | पैथन मेगा फूड पार्क प्रा.लि., औरंगाबाद | 08.03.2013 | 124.52 | 48.82 | 42.96 | प्रचालनात्मक |
| 21. | | सतारा मेगा फूड पार्क. प्रा.लि., सतारा | 06.08.2014 | 139.33 | 50 | 44.997 | प्रचालनात्मक |
| 22. | | वर्धा मेगा फूड पार्क प्रा.लि., वर्धा | 13.01.2016 | 92.36 | 50 | 15 | कार्यान्वयनाधीन |
| 23. | मणिपुर (1 परियोजना) | मणिपुर खाद्य उद्योग निगम लि, काकिंग, मणिपुर | 29.01.2020 | 81.83 | 43.254 | 0 | कार्यान्वयनाधीन |
| 24. | मेघालय (1परियोजना) | मेघालय औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (एमआईडीसी) | आईए अंतिम अनुमोदन के लिए शर्तों का पालन करने की प्रक्रिया है | | | | सैद्धांतिक अनुमोदन |
| 25. | मिजोरम (1 परियोजना) | जोरम मेगा फूड पार्क प्रा.लि., कोलासिब | 10.06.2015 | 75.2 | 50 | 44.24 | प्रचालनात्मक |
| 26. | नागालैंड (1 परियोजना) | डॉयस एग्री रिसोर्सिस प्रा.लि., दीमापुर, नागालैंड | 16.08.2017 | 71.79 | 50 | 29.78 | कार्यान्वयनाधीन |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27. | ओडिशा (2 परियोजनाएं) | ओडिशा इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलमेंट कारपोरेशन (आईडीसीओ),खुर्दा | 06.11.2015 | 121.95 | 50 | 37.8 | कार्यान्वयनाधीन |
| 28. | | एमआईटीएस मेगा फूड पार्क लि., रायगढ़ | 16.04.2012 | 87.88 | 45.94 | 44.95 | प्रचालनात्मक |
| 29. | पंजाब (3 परियोजनाएं) | इंटरनेशनल मेगा फूड पार्क लि., फजिल्का, पंजाब | 25.05.2011 | 130.38 | 50 | 45 | प्रचालनात्मक |
| 30. | | पंजाब एग्रो इण्डस्ट्रीज कारपेरेशन लि.(पीएआईसी) लुधियाना | 27.11.2015 | 117.61 | 50 | 37.62 | कार्यान्वयनाधीन |
| 31. | | सुखजीत मेगा फूड पार्क एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लि., कपूरथला | 06.11.2015 | 107.83 | 48.7 | 38.76 | प्रचालनात्मक |
| 32. | राजस्थान (1 परियोजना) | ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, अजमेर | 19.02.2014 | 119.82 | 49.88 | 44.90 | प्रचालनात्मक |
| 33. | तमिलनाडु (1 परियोजना) | तमिलनाडु राज्य कृषि विपणन बोर्ड | आईए अंतिम अनुमोदन के लिए शर्तों का पालन करने की प्रक्रिया है | | | | सैद्धांतिक अनुमोदन |
| 34. | तेलंगाना (2 परियोजनाएं) | स्मार्ट एग्रो फूड पार्क प्रा.लि., निजामाबाद | 10.06.2015 | 108.95 | 50 | 45 | प्रचालनात्मक |
| 35. | | तेलंगाना स्टेट इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लि., खम्मम (टीएसआईआईसी) | 05.02.2016 | 108.83 | 40.71 | 28.49 | कार्यान्वयनाधीन |
| 36. | त्रिपुरा (1 परियोजना) | सिकारिया मेगा फूड पार्क प्रा.लि., त्रिपुरा | 30.11.2011 | 77.79 | 48.39 | 45 | प्रचालनात्मक |
| 37. | उत्तराखंड (2परियोजनाएं) | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क प्रा.लि, हरिद्वार, | 30.03.2009 | 95.08 | 50 | 50 | प्रचालनात्मक और पूरी हो चुकी |
| 38. | | हिमालयन फूड पार्क प्रा.लि., ऊधम सिंह नगर | 23.01.2014 | 98.08 | 48.12 | 43.31 | प्रचालनात्मक |
| 39. | पश्चिम बंगाल (1परियोजना) | जंगीपुर मेगा फूड पार्क लिमिटेड, मुर्शिदाबाद, | 16.03.2010 | 132.7 | 50 | 45 | प्रचालनात्मक |
| | **कुल** | | | **4197.85** | **1780.82** | **1383.16** | |